आओ जी लड्डू गोपाला| By Sunil Sarvottam

कान्हा जी मेरे घर आओ जी
कान्हा जी मेरे घर आओ जी
आओ जी लड्डू गोपाला
माखन मिश्री खाओ जी

सुन्दर सुन्दर वस्त्र बनाकर तुमको मैं पहनाऊं
सुन्दर सा एक पलना लाऊँ उसमे तुम्हे झुलाऊँ
प्रेम की डोरी बाँधी मैंने झूला झूलन आओ जी
कान्हा जी मेरे घर आओ जी
कान्हा जी मेरे घर आओ जी

घुटवन घुटवन जब चलते हो लगते हो बड़े प्यारे
लग ना जाए नज़र किसी की आओ नज़र उतारें
घुटवन घुटवन चल के आओ, आओ दरस दिखाओ जी
कान्हा जी मेरे घर आओ जी
कान्हा जी मेरे घर आओ जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%a1%e0%a5%8d%e0%a4%a1%e0%a5%82-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-sunil-sarvottam/